प्रेस नोट पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद दिनांक 13.11.2024

थाना निवाड़ी पुलिस द्वारा एक शातिर वाहन चोर गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल व अवैध तमंचा बरामद।

दिनांक 12.11.2024 को थाना निवाड़ी पुलिस द्वारा चैकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर एक शातिर वाहन चोर अभियुक्त अनिल पुत्र मेहर सिंह निवासी ग्राम करनावल थाना सरुरपुर जिला मेरठ, उम्र करीब 40 वर्ष को गिरफ्तार किया गया जिसके कब्जे से दिल्ली से चोरी की गयी 01 मोटरसाइकिल व 01 अवैध तमंचा 315 बोर बरामद हुआ। अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

पूछताछ का विवरण-

अभियुक्त ने पूछताछ के दौरान बताया कि मैंने कल ही ये मोटरसाइकिल अशोका पार्क फ्रैंडस कालौनी साउथ ईस्ट दिल्ली से चोरी की थी। मैं सुनसान या एकांत में खडी मोटरसाइकिल को मौका पाकर चोरी कर लेता हूँ तथा पकड़े जाने के डर से अपने बचाव में लोगों को डराने -धमकाने हेतु अवैध तमंचा रखता हूँ।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम/पता-

अनिल पुत्र मेहर सिंह निवासी ग्राम करनावल थाना सरुरपुर जिला मेरठ, उम्र करीब 40 वर्ष।

आपराधिक इतिहास/पंजीकृत अभियोग-

अभियुक्त के विरुद्ध जनपद गाजियाबाद में चोरी / बरामदगी, एनडीपीएस एक्ट व आयुध अधिनियम के 05 अभियोग पंजीकृत है। अन्य आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है।

बरामदगी का विवरण-

चोरी की 01 मोटरसाइकिल व 01 अवैध तमंचा 315 बोर बरामद।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

थाना निवाड़ी पुलिस टीम।